कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 11.09.2024

// प्रसे विज्ञप्ति//

गर्ल्स कॉलेज में सेक्टर स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आरम्भ

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा सेक्टर स्तरीय अन्तरमहाविद्यालयीन शतरंज प्रतियोगिता का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल एवं महाविद्यालय क्रीड़ा समिति की संयोजिका डॉ. सुषमा यादव ने किया।

प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी अग्रवाल ने अपने उद्‌बोधन में खिलाड़ियों को शतरंज की उत्पत्ति एवं युद्ध से शतरंज के सम्बन्ध से लेकर आधुनिक युग में कम्प्यूटर से शतरंज खेल की प्रारम्भ होने की पूर्ण जानकारी दी। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय एवं क्रीड़ाधिकारी श्री नरेश दीवान ने शतरंज बोर्ड में चाल चलकर विधिवत उद्‌घाटन किया।

मुख्य अरबेटर श्री गिरधर लाल देशमुख ने खिलाड़ियों को नियमों की जानकारी दी। इस प्रतियोगिता में कुल 20 महाविद्यालयों ने एन्ट्री भेजी थी। किन्तु रास्ते अवरूध होने के कारण 14 टीमों ने हिस्सा लिया। ये महाविद्यालय इस प्रकार है- शासकीय विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग, शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग, महिला महाविद्यालय सेक्टर-9, शासकीय महाविद्यालय बालोद, शासकीय महाविद्यालय उतई, शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर, शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा, स्वामी स्वरूपानन्द महाविद्यालय हुडको, शैलदेवी महाविद्यालय अण्डा, कल्याण महाविद्यालय सेकटर-7 भिलाई, शासकीय महाविद्यालय डौण्डी, सुराना महाविद्यालय, दुर्ग।

तृतीय चक्र तक का परिणाम इस प्रकार थे - शैल देवी महाविद्यालय 10 अंक लाकर प्रथम स्थान पर चल रहे, विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग एवं शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा 09 अंक लेकर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर चल रहे है तथा कन्या महाविद्यालय दुर्ग 07 अंक लेकर तृतीय स्थान पर बने हुए है।

प्रतियोगिता का संचालन डॉ. ऋतु दुबे ने किया, डॉ. दुबे ने बताया यह प्रतियोगिता 5 चरण में खेली जायेगी। सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली टीम विजेता होगी एवं यही से जिला टीम का गठन किया जायेगा। प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक के रूप में डॉ. रमेश त्रिपाठी उपस्थित थे। कार्यक्रम का अभार प्रदर्शन डॉ. सुषमा यादव ने किया।

इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालय से आये टीम मैनेजर श्री लक्ष्मणेन्द्र कुलदीप, श्री मयंक डीन, श्री मुरली मनोहर तिवारी, श्रीमती प्रतिक्षा ताटे, श्री मनीष टोप्पो, श्री लोकेश्वर ठाकुर उपस्थित थे। निर्णायक की भूमिका में थे श्री गिरधर लाल देशमुख, श्री गोविन्द देशमुख, श्री मिथलेश। प्रतियोगिता के आयोजन में श्री विजय चन्द्राकर, श्री ओम ध्रुव एवं श्री विमल यादव उपस्थित थे।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

शास. डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग
खेल विभाग
आपका हार्दिक अभिनंदन करता है।